**NEWS CLIPPING:28.02.2022**

## PIONEER

# सिर्फ हरियाणा में योग स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य

## जेसी बोस में सूर्य नमस्कार का समापन कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी बोस विश्व विद्यालय में साप्ताहिक योग कक्षा के समापन अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र एवं छात्राएं।**

'**हरियाणा** एकमात्र ऐसा प्रांत है जहां योग के पाठ्यक्रम को पहली से दसवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित किया गया है। उसकी पढ़ाई अब 1 अप्रैल 2022 से आरंभ होने वाली है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अभूतपूर्व संस्थान वाईएमसीए को एक वरिष्ठ वैज्ञानिक जे. सी.बोस का नाम देकर इस का गौरव बढ़ाया है, हरियाणा के युवाओं को तकनीकी के साथ जोड़ने का और उन्हें पारंगत करने का बड़ा कार्य जेसी बोस साइंस एंड टेक्निकल विश्वविद्यालय कर रहा है उसका अभिनंदन करते हैं।' आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फरीदाबाद में साप्ताहिक योग कक्षा व सूर्य नमस्कार के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य (चेयरमैन, हरियाणा योग आयोग) ने ये बाते कहीं। समापन समारोह का कार्यक्रम का शुभारंभ दैनिक योग कक्षा के साथ किया गया। डॉ जयदीप आर्य व यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, सुनील गर्ग, आईसीसी वूमेन सेल की चेयर पर्सन डॉक्टर नीतू गुप्ता, डॉ ज्योति आर्य, माता सत्या ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।